तापमान

अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 6 सितंबर 2024



12 झमाझम बारिश से नदी-नाले उफान पर



14 गुरू का गुरूत्वाकर्षण, प्राइवेट स्कूल को टक्कर दे रहा ...






**खबर संक्षेप**

### सिद्धि विनायक मंदिर में आज जलाभिषेक

**धमतरी।** सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में आज 6 सितंबर को प्रातः 6 बजे पूजन के बाद जलाभिषेक प्रारम्भ होगा। मंदिर के पुजारी ने बताया कि पिछले 31 वर्ष से गणेश मंदिर में जलाभिषेक हो रहा है। इस वर्ष जलाभिषेक का 32 वां वर्ष है।



भगवान गणेश को जल अर्पण करने से समस्त कामनाओं की पूर्ति होती है। गणेश जी जल के भी देवता हैं। समस्त विघ्नों को दूर करने वाले हैं। साथ में विराजमान माता सिद्धि एवं माता रिद्धि का भी आशीर्वाद प्राप्त होता है। पण्डित होमन प्रसाद शास्त्री, रोहिताश मिश्रा, प्रीतेश गांधी ने श्रद्धालुओं से जलाभिषेक कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

आयुष विभाग की टीम स्कूलों में जाकर छात्रों को आयुर्वेद के सिद्धांतों की जानकारी दे रही

# आयुर्वेद से जुड़ रहा देश का भविष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

देश के भविष्य को आयुर्वेद से जोड़ने के लिए युद्ध स्तर पर अभियान छेड़ दिया गया है। आयुर्वेद विभाग के डॉ अवध पचौरी सहित अन्य डॉक्टर स्कूलों में जाकर छात्रों को आयुर्वेद के सिद्धांत की शिक्षा दे रहे हैं। अब तक करीब 18 स्कूलों में आयुर्विद्या का कार्यक्रम किया जा चुका है। शहर के आसपास के 25 स्कूलों का चयन इस शिक्षा के लिए किया गया है।

आयुर्वेद चिकित्सा के महत्व को विदेशों ने भी स्वीकार कर लिया है। कई देशों में इस चिकत्सा पद्धति को खूब रिस्पांस मिल रहा है, लेकिन अपने देश में ही इस पद्धति से चिकित्सा को लोग पूरी तरह से स्वीकार नहीं कर पाए हैं। देश के भविष्य यानी नई पीढ़ी को इस चिकित्सा से जोड़ने के लिए अभियान शुरू कर दिया गया है।



### यह है सिद्धांत

डॉ अवध पचौरी ने बताया कि पिंड यानी देह, सृष्टि यानी प्रकृति और आहार ये तीनों पंच महाभूतात्मक हैं। तीनों ही आकाश, जल, अग्नि, वायु और पृथ्वी से मिलकर बने हैं। पांचों पंच महाभूत एक निर्धारित अनुपात में देह में होते हैं। इसमें से अग्नि तत्व काफी महत्वपूर्ण है। इसकी कमी होने पर इसके विपरीत तत्व जल की वृद्धि होती है। समय पर इसका उपचार नहीं किए जाने पर आकाश और वायु तत्व की वृद्धि और पृथ्वी तत्व की कमी होती है। आहार के जरिए इन तत्वों का संतुलित कर बीमारी को जड़ से समाप्त किया जा सकता है।

### देर से होगी समस्या

अग्नि तत्व से ही हमें उर्जा मिलती है। अग्नि तत्व कम होने का पहला लक्षण ज्वर है। अग्नि तत्व कम होने के संकेत मिलते ही इसे आहार से संतुलित किया जाना चाहिए। आयुर्वेद औषधियों से इसे संतुलित किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त स्वेद यानी पसीने के जरिए जल तत्व को शरीर से बाहर निकालकर बीमारी को बढ़ने से रोका जा सकता है। शुरूआती दौर में ही इस प्रकार के उपचार से बीमारी को जड़ से खत्म किया जा सकता है। डॉ पचौरी ने बताया कि प्राथमिक तौर पर छात्रों को इसी प्रकार के सिद्धांतों की जानकारी दी जा रही है। आगे छात्रों को जड़ी बूटी की पहचान सहित अन्य जानकारियां दी जाएंगी।

### लाइफ स्टाइल सुधारने की सलाह

पोटियाडीह, बठेना सहित कई स्कूलों में पैरेंट्स टीचर मीटिंग में डॉक्टरों की टीम पहुंची और उन्हें आयुर्वेद चिकित्सा की सार्थकता से रूबरू कराया। सबसे पहले पालकों को सलाह दी गई कि वे छात्रों के लाइफ स्टाइल में सुधार करें। समय पर सोना और समय पर जागने की आदत डालें। फास्ट फूड व जंक फूड से दूर रहें। इन उपायों से कई प्रकार की बीमारियों से बचा जा सकता है।

जिले में राष्ट्रीय आयुष मिशन के 9 कार्यक्रम चल रहे हैं। आयुर्विद्या इसमें एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इसके तहत छात्रों को आयुर्वेद से जोड़ा जा रहा है। आयुर्वेद चिकित्सक डॉ अवध पचौरी के नेतृत्व में आयुष विभाग की टीम स्कूलों में जाकर छात्रों को आयुर्वेद के सिद्धांतों की जानकारी दे रही है। अब तक भटगांव, लोहरसी, नूतन स्कूल, सेजेस बठेना, शोभाराम देवांगन उमशा, सशिमं रूद्री, भोयना, शकरवारा, म्युनिस्पिल स्कूल, शिवसिंह वर्मा उमाशा, पोटियाडीह सहित कई स्कूलों में आयुर्वेद चिकित्सा की क्लास लगाई जा चुकी है। इन स्कूलों में आयुर्वेद चिकित्सा की अभी और भी क्लास लगाई जाएगी, जिसमें चिकित्सा के अन्य पहलुओं की जानकारी दी जाएगी।

# स्वच्छता एवं सुरक्षा मापदंडों का पालन करने वाली समितियां होंगी पुरस्कृत



- सिटी कोतवाली व नगर निगम ने ली गणेश उत्सव समिति सदस्यों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गणेश उत्सव को शांतिपूर्वक मनाने तथा स्वच्छता और सुरक्षा मापदंडों का पालन करवाने शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में गणेश उत्सव समिति के सदस्य, अध्यक्ष, निगम कमिश्नर विनय कुमार पोयाम, एसडीएम विभोर अग्रवाल, डीएसपी नेहा पवार, उपायुक्त निगम पीसी सार्वा, थाना प्रभारी उपस्थित थे।

बैठक में कहा गया कि पंडाल में स्वच्छता और सुरक्षा मापदंडों का पालन करने वाली समितियों को नगर निगम द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही निर्देश दिया कि पंडाल में प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना है। साउंड सिस्टम, डीजे का उपयोग निर्धारित समय व डेसीबल के मुताबिक हो, ट्रैफिक नियमों का पालन हो, धार्मिक सहिष्णुता बनाए रखना है। पंडाल में कोई भी असामाजिक गतिविधियां न हो। आसपास के क्षेत्र व पंडाल के अंदर साफ-सफाई का ध्यान रखा जाए। कचरा गाड़ी प्रतिदिन पंडालों के पास आएगी। कचरा गाड़ी में ही डाले। पीओपी मूर्ति का उपयोग न हो। माननीय न्यायालय के निर्देश का पालन करते हुए साउंड डेसीबल कम रखे।

जनपद पंचायत मगरलोड का मामला

# ग्रामीण विकास निधि से शहर में कामपलेक्स बनाने का कारनामा

- आरटीआई कार्यकर्ता मोहन पटेल ने कलेक्टर से शिकायत कर 11.65 लाख वसूली तत्कालीन सीईओ से करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जनपद पंचायत मगरलोड में विकास निधि की राशि के दुरूपयोग का बड़ा कारनामा सामने आया है। ग्रामीण क्षेत्र के लिए विकास कार्यों के लिए प्राप्त लाखों रूपये से मगरलोड में काम्पलेक्स बना दिया गया। मजे की बात यह है कि निर्माण एजेंसी मगरलोड से 25 किमी दूर परसट्ठी पंचायत को दी गई। सूचना के अधिकार में खुलासा होने के बाद आरटीआई कार्यकर्ता मोहन पटेल ने मामले की कलेक्टर से शिकायत कर जनपद अधिकारी से राशि वसूली की मांग की है।

ग्राम चर्रा निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मोहन पटेल ने बताया कि नगर पंचायत मगरलोड में सरपंच सदन के बाजू में काम्पलेक्स भवन का निर्माण किया गया है। सूचना के अधिकार के तहत इसकी जानकारी निकाली गई तो पाया गया कि जनपद पंचायत मगरलोड ने शासकीय नियमों को ताक पर रखकर ग्रामीण क्षेत्र में विकास निधि की राशि का दुरूपयोग करते हुए शहरी क्षेत्र में 11.65 लाख रूपये का काम्पलेक्स निर्माण कराया गया है।



जांच अधिकारी डिप्टी कलेक्टर तेजपाल सिंह ध्रुव तथा उप संचालक जिला पंचायत अविनाश कुमार ने जांच प्रतिवेदन में कहा है कि जनपद पंचायत विकास निधि अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में ग्रामीणों की मूलभूत आवश्यकता पेयजल, नाली निर्माण, कांक्रीटीकरण, स्कूल, आंगनबाड़ी भवन मरम्मत, खेल मैदान आदि कार्य के लिए जनपद स्तर पर स्वीकृत करने का प्रावधान है। जनपद पंचायत मगरलोड के तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी चैतन्य सिंह ध्रुव ने 25 जनवरी 2023 में 11.65 लाख की स्वीकृति मगरलोड स्थित सरपंच सदन के पास जनपद काम्पलेक्स निर्माण कार्य के लिए दी थी। यह पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देश के विपरीत है। उक्त व्यय राशि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद मगरलोड से वसूली योग्य है। काम्पलेक्स निर्माण के लिए ग्राम पंचायत परसट्ठी को कार्य एजेंसी बताया गया है। कार्य एजेंसी के चयन में पारदर्शिता नहीं है। कार्य का निर्माण नगरीय ▶▶ शेष पेज 12 पर


**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**मो. 9826114710, 9993322768 9098324969**



FAYDE KE 20 DIN
2nd SEP - 22nd SEP

RATHI'S BUILD MART
नींव से निर्माण तक®

BATH & SANITARY | TILES | STONES
PLYWOOD | VEENER | LAMINATE
HARDWARE | WELLNESS | WINDOWS

Limited Time.
Unlimited Fayde!

- Discounts on all product range
- Get discount vouchers for next purchase
- Upto 70% OFF On selected products

AND MANY MORE...

KOHLER | Nexion ITALIAN STYLE THAT INSPIRES | hansgrohe | icon WORLD OF TILE | fima CARLO FRATTINI | FlexStone® | Oyster® | haique Quartz | Marble | Terrazo | HÄFELE | SABURI PLYWOOD

OFFERS NOW LIVE AT:
RAIPUR Dhamtari Road, Devpuri 851 8882010
BILASPUR Vyapar Vihar Chowk 8518882030
JAGDALPUR Chitrakote Road 8518882020
SUNDAY OPEN

## खबर संक्षेप

### कुंडेल में कबड्डी प्रतियोगिता 20 को

**मगरलोड।** ग्राम कुंडेल (मधुबन) में ग्रामवासियों के सहयोग से राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 20 सितंबर शुक्रवार को आयोजित की गई है। प्रथम पुरस्कार 11001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 7001 रूपये, तृतीय पुरस्कार 5001रूपये एवं चतुर्थ पुरस्कार 2001 रूपये है। इसके अलावा बेस्ट रेडर, डिफेंडर, ऑलराउंडर में 501 रूपये का इनाम दिया जायेगा। प्रवेश शुल्क 300 रूपये है। यह जानकारी ग्रामीण दुलार निषाद ने दी है।

### खनूजा बने संकुल समन्वयक संघ के जिला अध्यक्ष

**नगरी।** मंगलवार को जिला संकुल समन्वयक संघ का पुनर्गठन किया गया। सर्वसम्मति से जसपाल खनूजा विकासखंड नगरी को अध्यक्ष चुना गया। भरत कुमार सोनी विकासखंड मगरलोड को



उपाध्यक्ष चुना गया। नवीन जाचक विकासखंड धमतरी को जिला सचिव चुना गया। दिनेश साहू कुरूद ब्लाक से कोषाध्यक्ष चुने गए। पदाधिकारियों का चयन धमतरी जिले में कार्यरत 168 सीएसी द्वारा सर्वसम्मति से किया गया। चयनित पदाधिकारियों ने आगे की रणनीति पर चर्चा की। मौके पर ललित शर्मा, दिनेश अग्रवाल , लोकेश पांडे, प्रीतचंद गंगेले, मालती साहू, नामित तिवारी, भावना साहू, राजेश मनवानी, ज्ञानेश सिंह, उत्तम गंगवीर, दीपक ठाकुर, यशवंत देवांगन, रवि साहू, तुकेश्वर गहिवार, विशेंद्र तिवारी, रामनी होरा साहू, जुगल साहू, योगेंद्र चंद्राकर, प्रकाश सेन, योगेंद्र पटेल, नर्सिंग साहू, आत्माराम साहू, प्रकाश साहू, उमेश सोम समेत अन्य मौजूद रहे।

### सीतानदी में पुल के ऊपर पानी बहने से आवागमन बाधित

# झमाझम बारिश से नदी-नाले उफान पर

**रेत निकालने गए ट्रैक्टर अचानक आई बाढ़ में बह गए**

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी





वनांचल में झमाझम बारिश होने से नदी नाले उफान पर आ गए। सीतानदी पुल के ऊपर से पानी बहने के कारण सिहावा बोराई मार्ग में वाहनों की आवाजाही बाधित हुई। पुल में पानी का स्तर कम होने के बाद ही मार्ग में आवाजाही बहाल हो सकी। धमतरी जिले में पिछले कई दिनों से अलग-अलग हिस्सों में रूक-रूककर बरिश हो रही है। गुरूवार की सुबह में अच्छी बारिश हुई है जिसमें नगरी ब्लाक मुख्यालय से उड़ीसा जाने वाला मार्ग बंद रहा। पुल के ऊपर अत्यधिक पानी होने से तीजा जाने वाली महिलाओं को काफी परेशानी हो रही है । महिलाओं के साथ-साथ छोटे-छोटे बच्चे भी परेशान हो रहे हैं । पानी कम होने का कई घंटे इंतजार करना पड़ा। नगरी व बेलरगांव तहसील में वनांचल में दो से तीन घंटे तक झमाझम बारिश हुई। इससे नदी- नाले उफान पर आ गए और बाढ़ जैसे हालात बन गए। बेलरगांव की सीतानदी में रेत निकालने गए ट्रैक्टर अचानक आई बाढ़ से पानी में बह गये ।

मेन रोड पर दोनों तरफ गाड़ियों की लाइन लगी रही। क्षेत्रवासी कई साल से रोड की मांग कर रहे हैं मगर शासन प्रशासन ने आज तक ध्यान नहीं दिया। क्षेत्रवासियों का कहना है कि इस पुल की ऊंचाई कम है। अधिक हाइट होने से आसानी से आवागमन किया जा सकता है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि पुल निर्माण के लिए कई बार आंदोलन कर चुके हैं। अधिक बारिश होने पर आवागमन बाधित हो जाता है।

# सज रहे पंडाल, मूर्तिकार प्रतिमाओं को दे रहे अंतिम रूप



हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

▪ विधिवत पूजन के साथ कल विराजेंगे गणराज

गणेश चतुर्थी का पर्व समीप आते ही सिर्री क्षेत्र में मूर्तिकारों ने अपने कार्य की गति तेज कर ली है। 7 सितंबर को गणेश चतुर्थी का पर्व है। इस दिन गजानन की मूर्तियों को अंतिम रूप देकर इसकी विधि विधान से स्थापना की जायेगी। सिर्री क्षेत्र के गांवों में गणेश उत्सव समितियों द्वारा मंच सज्जा का कार्य किया जा रहा है। आनंद उत्सव गणेश समिति ग्राम सिवनीकला के सदस्यों द्वारा गणेश पंडाल में गुफा बनाकर विभिन्न झांकी तैयार की जा रही है। गणेश चतुर्थी की रौनकता अभी से ही गांवों में देखने को मिल रही है। ग्राम नारी के मूर्तिकारों द्वारा सैकड़ों मूर्तियां बनाकर उसे अंतिम रूप दिया जा रहा है। नारी के मूर्तिकार दिलीप चक्रधारी ने बताया कि उनके यहां मूर्ति बनाने का काम 4



पीढ़ियों से चली आ रही है। इसमें पूरा परिवार सहयोग करता है। इस बार 1 से 13 फीट तक की मूर्तियों को आकार दिया गया है, जिसका दाम लगभग 400 रुपए से 35 हजार रुपए तक है।लगभग 700 मूर्तियां 2 फीट की, 40 मूर्तियां झांकी वाली और लगभग 7 फीट की 15 से अधिक मूर्तियां बनाई है। क्षेत्र के मूर्तिकार दिलीप चक्रधारी, हरिश्चंद्र चक्रधारी, टिकेश्वर चक्रधारी, विकास चक्रधारी, मिथिलेश चक्रधारी गणपति को अंतिम रूप देने लगे हुए हैं।

### चर्रा में कबड्डी प्रतियोगिता 9 को

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

स्टूडेंट ब्वॉयस क्लब एवं ग्रामवासियों के सहयोग से दंतेश्वरी चौक चर्रा में 9 सितंबर को कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रथम पुरस्कार 8001 रुपये, द्वितीय 6001 रू, तृतीय 3001 रुपए, चतुर्थ 2001 रूपये सहित अन्य आकर्षक पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। सभी विजेता टीम को सरपंच श्रीमती कमलेश्वरी टीकाराम ध्रुव द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी टीम 200 रूपए शुल्क जमा कर प्रवेश ले सकती है। प्रतियोगिता की तैयारी में पराग निषाद, राधेश्याम पटेल, राहुल निषाद, कीर्ति नारायण निषाद, गोविंद यादव, राजेश साहू, केशव पटेल, रामेश्वर निषाद सहित समिति के सदस्य जुटे हुए हैं।

## अंचल की खबरें

### तहसील कार्यालय में फलदार व छायादार पौधे रोपे गए



**अंवरी।** भखारा तहसील कार्यालय में तहसीलदार भूपेंद्र चंद्राकर व अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरुद शारदा लोकनाथ साहू के नेतृत्व में पौधरोपण किया गया। जिला पंचायत सभापति गोविंद साहू के पुत्र चूरन लाल साहू ने ट्री गार्ड की व्यवस्था की। इस दौरान फलदार व छायादार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में विनोद साहू पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत भखारा, होमेन्द्र साहू ब्लॉक कांग्रेस प्रभारी महामंत्री, जितेंद्र तेलासी अधिवक्ता, दुलार सिन्हा, लोकेन्द्र साहू, पुखराज साहू अध्यक्ष ब्लॉक युकां, द्रोण कुमार, चम्मन साहू, एवन साहू, दयाराम साहू समेत आमजन व तहसील स्टॉफ उपस्थित थे।

### मोदे में सदस्यता अभियान पर हुई बैठक



**नगरी।** छिपली शक्ति केंद्र के ग्राम मोदे बूथ क्रमांक 167 में सदस्यता अभियान को लेकर बैठक रखी गई। घर-घर जाकर लोगों को भाजपा के विचारों को अवगत कराकर सदस्यता ग्रहण करने निश्चय किया गया। बैठक में भाजपा मंडल महामंत्री हृदय साहू, सदस्यता अभियान शक्ति केंद्र प्रभारी गुरु प्रसाद साहू, संयोजक तुलसीराम साहू, सहसंयोजक सरजू राम साहू, बूथ अध्यक्ष सुरेश कश्यप, कार्ययोजना प्रभारी सखाराम कश्यप, शत्रुघ्न कश्यप, भुवनेश्वर जलधर, मोरध्वज देव, मुरली कश्यप, देव कुमार कश्यप, लक्ष्मण पुजारी, रमेश सोम, डोमार सोम, जीवराखन जलधर, अर्जुन कश्यप, किशन कश्यप, रजुला पुजारी, बिंदु बाई पुजारी, महेश साहू, मंसाराम कश्यप, मोती कश्यप, श्रीमती अहिल्या, लक्ष्मी कश्यप, ताराबाई कश्यप, भाग भाई कश्यप समे अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।

### समाज के हर कार्य में अपनी सहभागिता निभायें : अमर सिंह



**नगरी।** ग्राम घठुला में कोसरिया मरार पटेल समाज की वर्किंग कमेटी की बैठक हुई। संरक्षक अमर सिंह पटेल ने समाज के विकास व उत्थान को लेकर गहन विचार किया व सामाजिक बंधुओं को समाज के हर कार्य क्षेत्र में अपनी सहभागिता देने की बात कही। कन्हैयालाल कौशल अध्यक्ष सिहावा राज ने कहा कि समाज के हर कार्य में समाजजन बढ़ चढ़कर हिस्सा लें और समाज के हर नियम को अपनाएं। इस मौके पर लतखोर पटेल राजा पटेल समाज सिहावाराज, नारायण पटेल खुंटैत, दिलीप पटेल कोषाध्यक्ष, डिलेश्वर पटेल सचिव, राजू पटेल मीडिया प्रभारी, बेदन पटेल कार्यकारिणी सदस्य, मानिक पटेल अध्यक्ष घठुला क्षेत्र, प्रेमलाल पटेल सांकरा क्षेत्र अध्यक्ष, युवराज पटेल सचिव, देवनारायण पटेल, गुलाब सिंह पटेल, झाडूराम पटेल, रामभरोसा पटेल, पुनऊराम पटेल , रेशु पटेल, कमल पटेल, धनेश्वर पटेल, भुनेश्वर पटेल सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

▪ घठुला में कोसरिया पटेल समाज की वर्किंग कमेटी की बैठक हुई

### शिक्षकों का किया सम्मान



**भखारा।** अंचल में शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर नगर के युवा डुमेश साहू ने पूर्व प्रधानपाठक जीवनलाल साहू एवं वर्तमान प्रधानपाठक दिलीप देशलहरे एवं शिक्षक योगेश साहू को श्रीफल एवं शाल देकर सम्मानित किया।

### गोजी स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस



**सिर्री।** शासकीय हाईस्कूल संकरी के बच्चों ने शिक्षक बनकर प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला गोजी के बच्चों को अध्यापन कार्य कराया। 5 सितंबर को सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। संकरी हाईस्कूल से व्याख्याता टीएस हिरवानी, वाएके साहू, डीके साहू, गोजी स्कूल के प्रधानपाठक टीएल निषाद, शिवकुमार साहू शिक्षक, एमके नेताम, कुलेश्वर साहू, बिशन साहू, डोमन साहू, निर्मला नगारची, शिक्षाविद इन्द्रनारायण साहू उपस्थित थे। संकरी हाईस्कूल की व्याख्याता श्री हिरवानी ने बच्चों को शिक्षक दिवस के महत्व के बारे में बताया। व्याख्याता डीके साहू ने डा. राधाकृष्ण सर्वपल्ली की जीवनी पर प्रकाश डाला। टीएल निषाद ने गुरु शिष्य की परंपरा का महत्व बताया। शिक्षकों ने बच्चों को शिक्षा की राह में आगे बढ़ने के विभिन्न तरीके बताए। इंदु साहू शिक्षाविद बच्चों का मनोबल बढ़ाते रहने की बात कही ताकि उनका मन पढ़ाई में लगे रहे।

# कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर लक्ष्य को प्राप्त करेंगे : बैस

▪ सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा कार्यालय में हुई कार्यकर्ताओं की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

भारतीय जनता पार्टी मंडल नगरी की गुरुवार को भाजपा कार्यालय में सदस्यता अभियान को लेकर बैठक हुई। नगरी मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा व प्रभारी सयोजक नागेद्र शुक्ला ने सदस्यता अभियान के बारे में कार्यकर्ताओं को बताया।

भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर सदस्यता अभियान को सफल बनाएंगे । लोगों को प्रधानमंत्री





आवास योजना, महतारी वंदन योजना की जानकारी देकर उन्हें सदस्य बनाएं ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 विकसित भारत का सपना पूरा हो जाए। भाजपा का सदस्य बनने के लिए 8800002024 पर मिस कॉल करें। 17 दिसंबर तक अपने बूथ में सदस्य बन सकते हैं। बैठक में पूर्व विधायक रंजना साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष आराधना, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत नागेंद्र शुक्ला, अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी दिनेश्वरी नेताम, जिला अध्यक्ष भाजपा अजजा प्रकोष्ठ महेन्द्र नेताम, नगर पंचायत उपध्यक्ष अजय नाहटा, महामंत्री हृदय साहू, पूर्व पार्षद बलजीत छाबड़ा, चिलेश्वर साहू समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बच्चों ने दौड़ाए नांदिया बैल



**मगरलोड।** ग्राम राजपुर में पोला त्योहार पर छोटे-छोटे बच्चों ने बैल को सजाया। गांव में प्रत्येक किसान के घर जाकर नांदिया बैल को आशीर्वाद प्राप्त करवाया।

# खैरझिटी, सांकरा, कुंडेल में रेत डंप, हाइवा में मशीन से लोडिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

▪ ग्रामीणों ने की खनिज विभाग से कार्रवाई की मांग

रेत का उत्खनन और परिवहन 15 जून से प्रतिबंध हैं। इसके बावजूद मगरलोड ब्लॉक के कुछ गांव में अवैध रेत का उत्खनन और परिवहन का खेल जारी है। गांव में रेत डंप कर हाइवा में मशीनों से लोडिंग की जा रही है। ग्राम खैरझिटी सांकरा मार्ग में रेत डंप की जा रही है। इसके बाद हाइवा वाहनों से यहां लोडिंग की जा रही है। यहां लंबे समय से रेत माफियाओं का डेरा जमा हुआ है। इसी तरह कुण्डेल में भी डंप का खेल जारी है जो रुकने का नाम नहीं ले रहा है। यहां खिसोरा पैरी नदी से अवैध रेत ट्रैक्टरों से भरकर



आ रही है जो कुण्डेल, खैरझिटी में डंप हो रही है। इसके बाद हाइवा वाहनों में लोडिंग की जाती है। दोपहर को कुण्डेल में आधा दर्जन हाइवा वाहन पहुंच जाते हैं। रेत डंप होते ही इसकी लोडिंग की जाती है। इसके बाद भी खनिज विभाग कार्रवाई नहीं कर पा रहा है।

# जुनवानी के श्रीराम उपवन में हुआ पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

छत्तीसगढ़ के प्रमुख तिहार पोरा तिहार पर ग्राम जुनवानी के श्रीराम उपवन में पौधरोपण किया गया। देव स्वरूप वृक्षों की पूजा-अर्चना कर पौधरोपण किया गया। ग्राम जुनवानी के दर्रीपार रोड में श्रीराम उपवन बनाया गया है जिसमें ग्राम पंचायत, गायत्री परिवार एवं ग्रामवासियों ने फलदार ,छायादार, औषधीय एवं शोभादार 100 पौधे लगाए हैं। पोरा तिहार पर आम, कदम्ब, बरगद, सीताफल, मुनगा, आंवला, काजू, कटहल, अमरूद, बेल के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर सभी ने पर्यावरण को सुरक्षित करने के लिए



पौधरोपण करने की अपील की।

मौके पर गोविंद साहू सभापति जिला पंचायत धमतरी, चौथराम साहू सरपंच जुनवानी, ज्ञानिक साहू पंच, विष्णुराम साहू, भुनेश्वर साहू, डामन लाल साहू शिक्षक, चूरन लाल साहू वृक्ष मित्र, खेमलाल पटेल गुजरा, लक्ष्मीकांत, सूरजभान, नीलकमल, राजू, हिरामन साहू, पीलू राम, गंगूराम यादव, जगेशरु, किशोर, नाथूराम साहू, खूबलाल साहू उपस्थित थे।

### मगरलोड में विश्व हिंदू परिषद ने मनाया 60वां स्थापना दिवस

# एक रहेंगे तो नेक रहेंगे, बटेंगे तो कटेंगे : राजीवलोचन महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

विश्व हिंदू परिषद मगरलोड प्रखंड का 60 वां स्थापना दिवस सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में मनाया गया। सुबह राम भक्तों एवं विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने देशभक्ति एवं राम भक्ति के सुमधुर भजनों के साथ बाइक यात्रा निकालकर नगर में हिंदुत्व का संदेश दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजीव लोचन महाराज ने वर्तमान में हिंदू समाज और राष्ट्र की एकता में हिंदुओं के समर्थ एवं शक्ति का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि शास्त्र के साथ-साथ शस्त्र की पूजा करना एवं रखना आवश्यक है। उन्होंने लोगों में केवल धन अर्जन करने की प्रवृत्ति पर तंज करते हुए कहा कि धर्म रहेगा तभी तुम्हारी रक्षा हो सकती है अर्थ से रक्षा नहीं हो सकती है । आगे कहा कि हम एक रहेंगे तो नेक रहेंगे, बंटेंगे तो कटेंगे। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद सेवा, सुरक्षा और संस्कार के मानवीय मूल्यों को लेकर राष्ट्र की रक्षा में सतत लगी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिरकट्टी आश्रम कुटेना के संत सिया गोवर्धन शरण व्यास ने करते हुए कहा कि इसकी स्थापना



यदि 60 वर्ष से पहले हो जाती तो आज देश की स्थिति अलग होती। उन्होंने कहा कि यदि हिंदू एक रहेंगे तभी इस देश का भला हो सकता है। हमारी सभी समस्याओं का हल हमारे शास्त्रों में है। आज हिंदू समाज में जो पीड़ा है ,वह समाज की एकता से ही दूर होगी।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मनसुख देवांगन ,विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री नंददास दंडोतिया ने कहा कि विहिप की स्थापना राष्ट्रहित धर्म हित के मूल्यों को ध्यान में रखकर श्री गुरुजी आज से 60 वर्ष पूर्व सन 1964 को जन्माष्टमी के दिन की थी। आज युवाओं के विचार एवं संस्कार भी केवल राष्ट्रहित में ही होना चाहिए। मां भारती की आरती भागीरथी सोनकर ने की।

इस अवसर पर राजिम विभाग संगठन मंत्री चंद्रेश सोनी, जिला अध्यक्ष संदीप अग्रवाल, आनंद स्वरूप मेश्राम, रामचंद देवांगन, दीपक सोनी, अजय साहू, रवि कुमार, भागीरथी सोनकर, मुरलीधर जगत ठाकुर, टोकेश साहू, इंद्र कुमार, निखिल, योगेंद्र साहू, भूमिका कोर्राम, युक्ति सिन्हा, टिकेश्वर मंडावी, प्रखंड संयोजिका केसरी साहू, लक्ष्मी पांडे, सनत साहू,धनेश्वर साहू, अजय निषाद, प्रखंड सयोजक छत्रपाल, प्रखंड सह संयोजक तुलेंद साहू, प्रखंड सह संयोजक सेवक राम पटेल, प्रखंड गौ रक्षा प्रमुख दीपक साहू, प्रखंड बाल उपासना प्रमुख दो डामेश्वर सिन्हा, नगर मंत्री विष्णु साहू, चंद्रकांत साहू, राकेश तिवारी, रोमन साहू, खिलावन साहू, निखिल सिन्हा, मोलेश साहू मौजूद थे।

**प्रथम पृष्ठ का शेष : ग्रामीण विकास निधि से शहर में काम्पलेक्स ...**

निकाय क्षेत्र मगरलोड भैंसमुंडी में स्वीकृत है। इसकी कार्य एजेंसी नगर पंचायत मगरलोड को होनी थी। आरटीआई कार्यकर्ता श्री पटेल ने गुरूवार को कलेक्टर के नाम आवेदन में कहा है कि जनपद पंचायत मगरलोड में जनपद विकास निधि का दिशा-निर्देश के विपरीत व्यय किया गया है। संयुक्त जांच दल ने नियमों के विरूद्ध राशि व्यय करना पाया है। इस मामले में विभागीय कार्रवाई करते हुए दोषी अधिकारी से राशि की वसूली की जाए। इस विषय पर जनपद पंचायत मगरलोड के सीईओ से संपर्क नहीं होने के कारण उनका पक्ष नहीं लिया जा सका।

जिपं सभापति के नेतृत्व में ग्रामीण स्वतंत्र पंचायत की मांग को लेकर कलेक्टर- सीईओ से मिले

# आश्रित ग्राम होने का दंश झेल रहा बोदाछापर



**धमतरी।** बोदाछापर के ग्रामीणों ने स्वतंत्र पंचायत की मांग लेकर कलेक्टर व सीईओ को आवेदन सौंपा। जिला पंचायत सभापति कविता बाबर के नेतृत्व में पहुंचे ग्रामवासी विक्रम तिवारी, राधेकृष्ण साहू, रूपचंद साहू, अर्जुनलाल साहू, रामू देवदास, छन्नू लाल साहू, खेमराज साहू ने बताया कि बोदाछापर ग्राम पंचायत देवरी विखं धमतरी का आश्रित ग्राम है। ग्रामवासियों को मूलभूत कार्यों के लिये पंचायत ग्राम देवरी आना पड़ता है। वर्तमान में गांव की आबादी 1000 से ऊपर है। 2011 के बाद से जनगणना नहीं हुई है इसलिए आधिकारिक रूप से इसका रिकॉर्ड 2011 जनगणना पर आधारित माना जाता है। यह गांव आश्रित ग्राम होने का दंश झेल रहा है। विकास की दृष्टि से पिछड़ गया है। ज़िला अधिकारी नम्रता गांधी व मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोमा श्रीवास्तव से मुलाकात कर आवेदन के माध्यम से उन्हें अवगत कराया। अधिकारी द्वय ने कहा कि इस पर उचित कार्रवाई कर उच्च कार्यालय को आवेदन पत्र भेजा जायेगा। अंतिम निर्णय शासन द्वारा लिया जाएगा। इस दौरान पवन कुमार साहू, हेमलाल साहू भी उपस्थित थे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130






## खबर संक्षेप

### पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 8 को

**धमतरी।** छग पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 8 सितम्बर को दोपहर 2 बजे से कर्मचारी भवन तहसील कार्यालय के पास धमतरी में आयोजित है। संघ सदस्य कृपाशंकर मिश्रा, राजेन्द्र चन्द्राकर, राजकुमार मिश्रा, कृष्णाराम साहू, होलाराम परिहा, यशकरण सिंह गजेन्द्र, गणेश राव पवार, बलवंत राव पवार, लालाराम मगेन्द्र, डॉ. भारतीय राव, एसआर नेले एवं हनुमान सिंह वर्मा ने सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है। यह जानकारी सचिव अरूण कुमार गौर ने दी है।

### युवाओं ने पौधारोपण कर ली सुरक्षा की शपथ

**जीजामगांव।** आदर्श युवा संगठन के सदस्यों ने शासकीय नवीन प्राथमिक शाला गातापार के शाला प्रांगण में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया, साथ ही युवाओं ने पौधों की सुरक्षा की शपथ भी ली। उन्होंने क्षेत्र में बढ़ रहे प्रदूषण को देखते हुए पौधरोपण किया तथा सभी से एक एक पेड़ लगाने की अपील की। इस दौरान चेमन विश्वकर्मा, रेखराम यादव, धनीराम साहू, गुमान साहू, गुलशन साहू, कामता साहू, भागीरथी ध्रुव, हेमन्त पटेल शिक्षक सहित आदर्श युवा संगठ के सदस्य मौजूद थे।

### निधन

#### तुषार जैस



**धमतरी।** कांग्रेस आईटी सेल महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के अध्यक्ष तुषार जैस 32 वर्ष का गुरुवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंत्येष्ठि शाम को शांतिघाट में की गई। तुषार के असामयिक निधन पर कांग्रेस पार्टी सहित नगर के गणमान्य नागरिकों ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है। वे धोबी चौक रामसागर पारा निवासी शिवकुमार जैस के पुत्र थे।

शिवसिंह वर्मा स्कूल की प्राचार्य की मेहनत रंग लाई, खुद के वेतन से लगाया कैमरा, भरी गरीब बच्चों की फीस

# गुरु का गुरुत्वाकर्षण, प्राइवेट स्कूल को टक्कर दे रहा सरकारी स्कूल

दीपनारायण शर्मा ▶▶ धमतरी

गुरु में गुरूत्व हो तो छात्र खुद ब खुद उसकी ओर खींचे चले आते हैं। ऐसा ही उदाहरण प्रस्तुत किया है शिवसिंह आदर्श विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती बी. मैथ्यू ने। उनके प्रयास से यह सरकारी स्कूल निजी स्कूलों को न सिर्फ टक्कर दे रहा है, बल्कि उनसे आगे निकल चुका है। जिले का नहीं बल्कि प्रदेश का यह पहला स्कूल बना, जो सीसीटीवी कैमरे से लैस हुआ। जिले की पहली एटीएल लैब भी यहीं खुली। स्कूलों में व्यवसायिक शिक्षा की शुरूआत भी इसी स्कूल से हुई।



श्रीमती बी. मैथ्यू

वर्ष 2011 में श्रीमती बी. मैथ्यू ने शिवसिंह वर्मा आदर्श विद्यालय का प्राचार्य पद सम्हाला। तबसे उन्होंने अपने आप को स्कूल के लिए समर्पित कर दिया। पदभार सम्हालने के सालभर में उन्होंने सुरक्षा और मॉनिटरिंग के लिए खुद के वेतन से 1 लाख 30 हजार रुपए खर्च कर स्कूल में 16 सीसीटीवी कैमरे लगाए। उस वक्त प्रदेश का यह एकलौता स्कूल था, जहां पर सीसीटीवी कैमरों से मॉनिटरिंग शुरू की गई। स्कूल में हो रही हर गतिविधि पर प्राचार्य श्रीमती मैथ्यू की नजर थी। इसका सार्थक परिणाम भी सामने आया। समय पर कक्षाएं लगने लगी। पढ़ाई का स्तर सुधरा, सुरक्षा भी बढ़ी। बच्चों की शैतानी कम हुई और टेबल कुर्सी टूटने की शिकायत लगभग समाप्त हो गई। इसके बाद कैमरों की जरूरत और बढ़ती गई, तो प्राचार्य श्रीमती मैथ्यू ने अपने मानदेय के रूप में मिलने वाली राशि को एकत्रित करना शुरू कर दिया। इस राशि से उन्होंने स्कूल को पूरी तरह से कैमरों से लैस कर दिया। आज स्कूल में 40 कैमरे लग चुके हैं। टायलेट, बाथरूम जैसी जगहों को छोड़कर स्कूल के हर कोने की निगरानी अब कैमरों से हो रही है।




### होम साइंस कहीं है तो यही हैं

पूरे जिले में इसी स्कूल में होम साइंस की पढ़ाई की सुविधा है। इस विषय में यहां के छात्र छात्राएं इस फैकल्टी में मेरिट में जगह भी बनाते हैं। एक छात्रा को तो इस फैकल्टी में डेढ़ लाख रुपए का पुरस्कार भी मिला है। इसके अतिरिक्त व्यवसायिक शिक्षा की शुरूआत भी इसी स्कूल से हुई है। अब जिले के 16 स्कूलों में यह कोर्स संचालित हैं। यहां आईटी और हेल्थकेयर का व्यवसायिक कोर्स संचालित है। इन विषयों की डिमांड अच्छी है। स्कूल शिक्षा पास करते ही बच्चे को रोजगार की कमी नहीं होगी। जनसंख्या शिक्षा कार्यक्रम में भी इस स्कूल को अवार्ड मिल चुका है।

### जिले की पहली एटीएल लैब

तकनीक शिक्षा के क्षेत्र में भी इस स्कूल ने बेहतर काम किया है। एटीएल लैब के लिए प्राचार्य ने खूब मेहनत की। स्कूल में एटीएल लैब की स्थापना के लिए उन्होंने छात्रों को लेकर कलकता तक दौड़ लगाई। वहां पर पावर पाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया कि स्कूल में इस लैब की क्या महत्ता है और इसका संचालन कैसे करेंगे। मेहनत रंग लाई और स्कूल में एटीएल लैब खुली। इस लैब को अब तक चार बार राष्ट्रीय स्तर पर मंथ ऑफ एटीएल का अवार्ड मिल चुका है। यही नहीं दुर्ग जिले के एक स्कूल की एटीएल लैब की सिस्टर लैब भी इसे बनाया गया है। शिवसिंह वर्मा स्कूल की यह लैब अब उस लैब को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। यहां पर हर शनिवार को संकुल के अन्य स्कूल के छात्र आकर प्रैक्टिकल करते हैं। भिलाई से ट्रेनर आकर छात्रों को जानकारी देते हैं।

### फीस के अभाव में नहीं रूकती शिक्षा

यह एक ऐसा स्कूल है, जहां पर गरीब बच्चों की शिक्षा स्कूल फीस नहीं देने के कारण रूकती नहीं है। जो बच्चे स्कूल फीस नहीं भर पाते थे, उनकी फीस प्राचार्य श्रीमती बी मैथ्यू जमा करती थी। उनकी इस पहल पर कई समाजसेवी सामने आए। अब यहां पर गरीब बच्चों को फीस की चिंता नहीं सताती है। समाजसेवी इन बच्चों की फीस जमा कर देते हैं। यही नहीं स्कूल का माहौल फ्रैंडली है। जिस प्रकार बच्चे अपने मां-बाप से अपनी शिकायत और समस्या साझा करते हैं, उसी प्रकार इस स्कूल के बच्चे प्राचार्य और शिक्षक से अपनी बातें साझा करते हैं। प्राइवेट स्कूलों को टक्कर देने के लिए इस स्कूल में आकर्षक और शिक्षाप्रद वाल पेंटिंग भी की गई है। स्कूल में 80 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले छात्रों का नाम स्टार ऑफ द स्कूल के बोर्ड पर लिखा गया है।

# कुकरेल मंडल में भाजपा सदस्यता अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कुकरेल मंडल में सदस्यता अभियान का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निर्मल बरडिया पूर्व जिलाध्यक्ष, प्रीतेश गांधी प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य भाजपा छत्तीसगढ़, विकल गुप्ता मंडल प्रभारी थे। इस अवसर पर प्रीतेश गांधी ने इस अभियान को सफल बनाने कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया और संगठन की मजबूती के लिए अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का आह्वान किया। आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और गृहमंत्री अमित शाह की चाणक्य नीति से भाजपा ने देशभर में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के कुशल मार्गदर्शन में भाजपा का संगठनात्मक ढांचा और भी मजबूत हुआ है। सदस्यता अभियान केवल पार्टी का विस्तार नहीं है। यह समाज के हर वर्ग तक भाजपा की विचारधारा और विकास की नीति को पहुंचाने का कार्य करेगा। भाजपा का सदस्यता अभियान राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी का आह्वान है। मौके पर वामन साहू मंडल अध्यक्ष, टेलेश्वर ठाकुर पूर्व मंडल अध्यक्ष, महेश गोटा मंडल सहप्रभारी, अनीता ध्रुव जिला पंचायत सदस्य, शुभम यदु युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष, वनलाल साहू, देवचरण सिन्हा, कुंजलाल सिन्हा, अजय यादव, महेश्वरी साहू, संजय रामटेके, अशोक निर्मलकर, टिकेश्वर साहू, तुकाराम साहू, मोहन मानिकपुरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### हिंदू जागरण मंच की कार्यकारिणी का विस्तार

**धमतरी।** किले के श्री प्राचीन राम मंदिर में हिंदू जागरण मंच की बैठक जिला संयोजक प्रवीण साहू के नेतृत्व में हुई। प्रांत सह सेवा प्रमुख मोहन साहू ने कहा कि हिंदू जागरण मंच कोई नए एजेंडा के तहत बना अलग संगठन नहीं है अपितु हिंदू समाज को सशक्त बनाने के लिए विविध संगठनों के एकीकरण का एक मंच है। हम सभी को हिन्दू समाज की रक्षा के लिए दृढ़ संकल्पित होकर निश्चल भाव से संघ के प्रत्येक आयाम में सहयोग करना चाहिए, जिससे समाज के प्रत्येक व्यक्ति को दायित्व का बोध हो। इस दौरान जिले की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। नगर संयोजक उमेश साहू, सहसंयोजक अर्पित सिंग बैसवाड़ा, युवा आयाम डाकेश साहू, विधिक सलाहकार सुनील सोलंके, प्रचार आयाम रत्नम सोनी, मन्नू चन्द्राकर बनाए गए।

# व्याख्याता डॉ. आशीष राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

5 सितंबर को शिक्षक दिवस के दिन राजभवन में शासकीय हाईस्कूल बाजार कुर्रीडीह के वरिष्ठ व्याख्याता डॉ आशीष नायक को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिये राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें महामहिम राज्यपाल रामेन डेका एवं मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय ने प्रदान किया।

गत वर्ष 5 सितंबर 2023 को धमतरी जिले से राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए उनके नाम की घोषणा की गई थी। इससे पूर्व सन 2020 में गणतंत्र दिवस के अवसर पर उन्हें उत्कृष्ट शिक्षक का सम्मान एवं 2021 में शिक्षा श्री सम्मान भी प्राप्त हो चुका है। डॉ आशीष नायक ने बताया कि राज्यस्तरीय पुरस्कार पाना अपने आप में एक सम्मान व गौरव की बात है। यह पुरस्कार उन्होंने विद्यार्थियों, शाला परिवार, साथी शिक्षकों, मित्रों, परिवारजनों को समर्पित किया।

राजभवन में महामहिम रामेन डेका एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया सम्मानित



पुरस्कार प्राप्त करने पर डीईओ टीआर जगदल्ले, सहायक संचालक लक्ष्मण राव मगर, सहायक संचालक लीलाधर चौधरी, एडीपीओ डीके सूर्यवंशी, डीएमसी भुवनेश जैन, बीईओ नगरी कलीराम साहू, एबीईओ माहेश्वरी ध्रुव, बीआरसी रामू लाल साहू, बीईओ धमतरी अमित तिवारी, बीईओ कुरूद डॉ. आरएन मिश्रा, बीईओ मगरलोड मनीष ध्रुव, प्राचार्य अभयराम ध्रुव, प्राचार्य शिवसिंह वर्मा श्रीमती बी. मैथ्यू, प्राचार्य सेजस बठेना नागेन्द्र पाण्डेय, प्राचार्य सेजस गोकुलपुर श्रीमती शैलजा पाण्डेय, प्राचार्य सेजस सिंगपुर डॉ. व्हीपी चन्द्रा, प्राचार्य शासकीय हाईस्कूल सोरिद भाट डॉ. श्रीमती रचना मिश्रा, प्राचार्य डॉ शोभाराम देवांगन स्कूल श्रीमती पूनम पांडेय, प्राचार्य सलोनी स्कूल आरके गुप्ता, प्राचार्य कुकरेल राजेश कुमार बैस, प्राचार्य केरेगांव स्कूल महेन्द्र सिंह मरकाम समेत मित्रों, परिजनों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# अंवरी में डायरिया का तांडव, 21 ग्रामीण हुए शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

ग्राम अंवरी में उल्टी दस्त फैलने से ग्रामीणों में दहशत है। एक ही परिवार के तीन लोग सहित दर्जनभर से ज्यादा लोग डायरिया के शिकार हो गए हैं जिनका सिविल अस्पताल व गांव में उपचार किया जा रहा है। अस्पताल सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक खण्ड चिकित्सा केंद्र कुरुद अंतर्गत आने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जी- जामगांव के अधीनस्थ ग्राम अंवरी में दो दिन पहले गौशालापारा के एक वार्ड में एक ही घर के तीन सदस्य को अचानक उल्टी दस्त होने की शिकायत मिली। मरीजों ने स्थानीय स्तर पर इलाज कराया। स्वास्थ्य में सुधार नहीं हुआ। इधर आसपड़ोस के एक्के दुक्के लोगों को भी दस्त होने लगा। धीरे-धीरे गांव के अन्य मोहल्ले में भी इसकी शिकायत मिलने लगी। 21 लोग डायरिया से पीड़ित हो गए जिससे गांव में दहशत फैल गई है। डायरिया से पीड़ित 12 लोगों को मंगलवार की रात सिविल अस्पताल कुरुद में भर्ती कराया गया। अन्य लोगों का उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं कुरुद से पहुंचे डॉक्टरों ने गांव में ही कैंप लगाकर इलाज किया।

## 12 लोगों का सिविल अस्पताल कुरुद तथा अन्य का पीएचसी में उपचार



### डायरिया फैलने की वजह बना दूषित पानी

डायरिया फैलने का कारण ग्रामवासियों ने पाइपलाइन से आ रहे दूषित पानी को बताया है। वहीं डॉक्टर का कहना है कि पानी को जांच के लिए भेज दिया गया है। अभी सैंपल नहीं आया है। सैंपल आने के बाद पता चलेगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए कैंप में प्रमुख रूप से सीएमएचओ डॉ. यूएल कौशिक, बीएमओ डॉ. यूएस नवरत्न, सीएचसी कुरुद से बीपीएम रोहित पाण्डेय, बीई श्री ठाकुर, रतनी बाई, मोतिम यादव, भानुमति मितानिन, आरएचओ जानेश्वरी बंजारे, भुनेश्वरी, चित्ररेखा कुर्रे, बीएल साहू सुपरवाइजर, दशरथ ध्रुव, झरना सरकार, डॉ. दिग्विजय सिंह, डॉ सुरेंद्र साहू, डॉक्टर प्रिया कंवर, भरत साहू, बीएल साहू, नरेंद्र साहू, लोकेश सोनवानी, विवेक, प्रकाश साहू, तरुण साहू, देवांगन, श्री रात्रे, भुनेश्वर साहू, प्रेम सागर उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची

सीएमएचओ डॉ. यूएल कौशिक ने बताया कि ग्राम अंवरी में डायरिया के दर्जनों मरीज मिले हैं। 12 लोगों को सिविल अस्पताल कुरूद में भर्ती कराया गया है। वहीं गांव में 21 मरीजों का और चिन्हांकन हुआ है। बाकी लोगों का घर में ही इलाज जारी है। सभी की स्थिति अभी सामान्य है। गुरुवार को कैंप लगाया गया था। सुबह से 2 बजे तक एक ही मरीज चिन्हांकित हुआ जिसे दवाई देकर घर पर ही इलाज किया गया। आगे बताया कि 2 एंबुलेंस की व्यवस्था भी की गई है एक रात्रि के लिए और एक दिन के लिए। सभी ग्रामीणों के घर सर्वे करके दवाई दी गई।

### नाली की नहीं हुई सफाई

ग्राम अंवरी में लगभग साल भर पहले गांव की गलियों के बीचो-बीच नाली निर्माण किया गया है जिसका सफाई अभी तक नहीं की गई है जो बड़ी महामारी को आमंत्रण दे रही है। पंचायत इस पर कोई ध्यान नहीं दे रही है।

### स्वास्थ्य विभाग के संपर्क में रहने की अपील

स्वास्थ्य विभाग ने गुरुवार को ग्राम अंवरी में प्रभावित मरीजों का सर्वेक्षण कर क्लोरीन की गोली, ओआरएस पैकेट, जिंक टेबलेट, मेट्रोजिल टेबलेट का वितरण किया। लोगों को पानी उबालकर पीने, गर्म भोजन खाने, बासी भोजन न करने, उल्टी-दस्त की शिकायत आने पर तत्काल स्वास्थ्य कार्यकर्ता और मितानिन से संपर्क करने की सलाह दी।

### चार साल से बंद थी नल जल योजना

कुछ ग्रामीणों का कहना है कि 4 साल से नल जल योजना बंद पड़ी थी जिसे हफ्ते भर पहले शुरू की गई। इससे डायरिया बीमारी शुरू हुई है क्योंकि टंकी की सफाई 4 साल से नहीं हो पाई है।

### पेयजल की होगी समस्या

बीमारी के चलते नल जल योजना को बंद करने के लिए मुनादी कराई गई है तो वहीं दूसरी तरफ मोहल्ले का हैंडपंप भी खराब हो गया है जिसकी कोई सुध नहीं ले रहा है। महिलाओं ने बताया कि उन्हें पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

# पुस्तकालय का उद्घाटन होने से पहले पुस्तकें और पंखे गायब

## असामाजिक तत्वों ने किया हाथ साफ, करेली बड़ी पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

अधिकारी कर्मचारी फाउंडेशन करेली बड़ी द्वारा युवाओं के करियर मार्गदर्शन के लिए निःशुल्क पुस्तकालय का निर्माण हाईस्कूल परिसर के एक कक्ष में किया गया था। पुस्तकालय का उद्घाटन गणेश चतुर्थी में होना था। उद्घाटन से पहले ही अज्ञात व्यक्ति ने पुस्तकालय से दो प्लास्टिक बोरी में भरी पुस्तकें और पंखे की चोरी कर ली है। 1 सितंबर को अधिकारी कर्मचारी संघ के सचिव वेदराम साहू, उपाध्यक्ष कंवल राम साहू, चन्द्रहास साहू समेत अन्य सदस्यों ने चौकी करेली बड़ी पहुंचकर लिखित में जानकारी दी है। पुलिस सोमवार को घटनास्थल का मुआयना कर आगे की कार्रवाई कर रही है। अधिकारी संघ के सदस्यों ने बताया कि युवाओं को गांव में प्रतियोगिता परीक्षा के लिए पुस्तकें उपलब्ध कराकर मार्गदर्शन देना था। इसके लिए जनसहयोग और अधिकारियों ने स्वयं के व्यय से विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा की पुस्तकें रखी थीं। किन्तु अज्ञात व्यक्ति ने खिड़की से कमरे में प्रवेश कर हजारों रुपये की पुस्तकें और पंखे, विद्युत कनेक्शन को गायब कर दिया है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है। उल्लेखनीय है कि आए दिन हाईस्कूल मैदान, पंचायत भवन, तहसील कार्यलय में शाम और सुबह असामाजिक तत्वों का डेरा लगा होता है। स्कूल मैदान में असामाजिक तत्व शराब पीकर बोतल भी छोड़ देते हैं। स्कूल परिसर में कई कमरे हैं जो जर्जर हालत में हैं। ऐसी जगहों पर असामाजिक तत्वों का जमघट लगता है।

### पति के निधन के बाद पत्नी को मिली अनुग्रह राशि

**सिर्री।** शासकीय हाईस्कूल अछोटी के प्रभारी प्राचार्य नंदकुमार टंडन का अस्वस्थता के चलते निधन हो गया। उनकी अनुग्रह राशि 50 हजार पत्नी सुनीता टंडन को आहरण एवं संवितरण अधिकारी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अटंग के प्राचार्य जेएल साहू ने सौंपी। मौके पर उत्तम कुमार ध्रुव, चेतन साहू, लुकेश्वर साहू, वासुदेव ध्रुव समेत अन्य उपस्थित थे।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)


डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

### मैत्री विहार कालोनी में श्रीमद्भागवत कथा 7 से

**धमतरी।** सामुदायिक भवन मैत्री विहार कालोनी धमतरी में 7 से 13 सितंबर तकश्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया है। कथावाचक आचार्य विष्णुदत्त शर्मा महर्षि इंदौर मध्यप्रदेश हैं। कथा प्रतिदिन दोपहर 2.30 से शाम 6 बजे तक होगी। प्रथम दिवस 7 सितंबर 9.30 बजे कलश यात्रा मां कालिका घाट शांति कालोनी से सामुदायिक मैत्री विहार कालोनी जाएगी। इस दिन श्री मंगलाचरण, भागवत महात्म, 8 सितंबर को श्री सुखदेव पूजन, परीक्षित संवाद, 9 सितंबर को गाजोप्रख्यान, अजामिल उद्धार, नरसिंह अवतार, 10 सितंबर को वामन अवतार, कृष्ण अवतार, राम अवतार, 11 सितंबर को माखन चोरी, लीला और गोवर्धन पूजा, 12 सितंबर को महारास रूक्मणि विवाह तथा अंतिम दिवस 13 सितंबर को सुदामा चरित्र, परीक्षित उद्धार पर कथा होगी। कार्यक्रम की तैयारी में शिवप्रसाद, फकीरचंद्र, कमल किशोर अग्रवाल, गोर्वधन दास अग्रवाल एवं जितेन्द्र अग्रवाल जुटे हैं।

### भेंडरा के दो छात्रों का प्रयास में चयन

**कुरूद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भेंडरा के कक्षा 11वीं गणित संकाय में अध्ययनरत छात्र दुष्यन्त पिता चुनेश्वर व दुलेश्वर पिता चुनेश्वर ध्रुव का चयन प्रयास विद्यालय रायपुर में हुआ है। प्राचार्य टीआर साहू ने बताया कि दुष्यन्त एवं दुलेश्वर दोनों जुड़वा भाई है। विगत सत्र में दोनों ने कक्षा 10वीं में क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। छात्रों की इस उपलब्धि पर शाला प्रबंधक एवं विकास समिति अध्यक्ष यमाकांत साहू, सरपंच छामेश्वरी कामता साहू, व्याख्यातागण एमएल साहू, टीके निषाद, पीके साहू, श्रीमती जे साहू, श्रीमती डी साहू, श्रीमती के महोबिया, आरआर रणसिंह, जीके देवांगन, विज्ञान सहायक एसएल साहू ने हर्ष व्यक्त किया है।

पुलिस ने खाली दानपेटी को मंदिर के पीछे नाले के पास बरामद किया

# कुलेश्वरनाथ मंदिर से दान पेटी उठा ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

लाखों लोगों की आस्था का केंद्र छग के प्रमुख त्रिवेणी संगम में स्थित कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर के महामंडपम में स्थित दान पेटी को मंगलवार की रात तकरीबन 1 से डेढ़ बजे के बीच उठाकर ले गए। सुबह जब पुजारी मंदिर खोलने के लिया गया तो दानपेटी गायब थी। यहां से तकरीबन 300 गज की दूरी पर खाली पेटी भी दिखाई दी जिसमें से राशि निकाल ली गई है। इसमें कितनी राशि थी, यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। किसी ने 10,000 बताया तो किसी ने 15,000। बड़ी बात यह है कि दान पेटी में कई लोग गुप्त दान भी करते हैं जिसमें सोने चांदी भी हो सकते हैं। मंदिर के चपरासी ने धमतरी जिले के करेली चौकी में फोन से घटना की जानकारी दी।



चौकी प्रभारी अजय सिंह और राजिम तहसीलदार अजय चंद्रवंशी जांच के लिए पहुंचे। जिन्होंने खाली दान पेटी को मंदिर के पीछे से नाले के पास बरामद किया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि महामंडपम के चैनल गेट पर ताला लगा हुआ था। नीचे से गेट को खींचा गया है और वहीं से पेटी को निकाला गया है। उल्लेखनीय है कि बिलाही पुल के पास व्यायाम शाला के सीसीटीवी कैमरा से एक दुबला पतला आदमी लालकलर की शर्ट पहने हुए दिखाई दे रहा है। फुटेज में वह नशे में धुत है। इस संबंध में करेली चौकी प्रभारी अजय सिंह ने बताया कि दान पेटी को घसीटकर बाहर निकला गया है। अभी तक किसी ने रिपोर्ट नहीं लिखाई है। केवल जानकारी दी गई है।

### मंदिर के आसपास असामाजिक तत्वों का डेरा

मंदिर के आसपास असामाजिक तत्वों का डेरा रहता है। लगातार चोरी, छीना झपटी, मारपीट की शिकायत मिलती ही रहती है। यह मंदिर तीन जिले की सीमा धमतरी, रायपुर एवं गरियाबंद को जोड़ता है। बिलाही पुल के आसपास संदिग्ध अक्सर देखे जाते हैं। रात में इस रास्ते पर चलने से लोग भय खाते हैं। यह भी बताना जरूरी है कि मंदिर में रात्रि कालीन चौकीदार की व्यवस्था नहीं है जिसके कारण चोर के हौसले बुलंद हो गए हैं। लोगों ने रात्रि में पुलिस की ड्यूटी मंदिर के अलावा बिलाही पुल में लगाने की मांग की है। इधर घटारानी मंदिर में भी चोरी की घटना की जानकारी मिली है।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से
10 नवम्बर से 16 नवम्बर 2024, 07 जून से 13 जून 2025
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है.... सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार, मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:- स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411